प्रेषक,

जनार्दन प्रसाद यादव,
अपर सत्र न्यायाधीश/
ट्राइंग रेप केसेज (पोक्सो एक्ट)
इटावा।

सेवा में,

डिप्टी रजिस्ट्रार (विविध),
माननीय उच्च न्यायालय,
प्रयागराज (इलाहाबाद)।

द्वारा– जनपद न्यायाधीश,
इटावा।

विषयः– आराजी गाटा सं० 645 रकवा 0.364 हे० पत्नी को दान प्राप्त होने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरी पत्नी श्रीमती रेखा यादव को मेरी सास मूर्ति देवी द्वारा दिनांक 31.08.2021 को पैत्रिक आराजी गाटा सं० 645 रकवा 0.364 हे० स्थित ग्राम सुसरौली, परगना तहसील व जिला बहराइच की भूमिधरी जमीन बतौर दान जरिए पंजीकृत विलेख, पोल्ट्री लेयर फार्मिंग हेतु दिया गया है।

महोदय को अग्रेतर यह भी अवगत कराना है कि पत्नी श्रीमती रेखा यादव अपने मांता–पिता की इकलौती संतान हैं तथा जनपद बहराइच के रहने वाले हैं। पत्नी श्रीमती रेखा यादव के पिता की मृत्यु फरवरी 2014 में हो चुकी है, जो कि अधिकांश समय अपने शहर स्थित मकान बहराइच में अपनी मांता के साथ उनकी देख भाल के लिए निवास करती हैं। पंजीकृत विलेख की जानकारी समय से न हो पाने के कारण सूचना देने में विलम्ब हुआ है,इसके लिए क्षमा प्रार्थी है।

सूचना श्रीमानजी की सेवा में सादर प्रेषित है।

सादर!

दिनांकः 10.12.2021

भवदीय,
Janardan Prd. Yadav
(जनार्दन प्रसाद यादव)
अपर सत्र न्यायाधीश/
ट्राइंग रेप केसेज (पोक्सो एक्ट) इटावा।